जेबीआइटी शंकरपुर में इंडस्ट्री एकेडमी मीट को संबोधित करते वक्ता • साभार इंस्टीट्यूट

टेक्नालाजी से सुधार सकता जीवन स्तर

जागरण संवाददाता, विकासनगर: जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी में इंडस्ट्री एकेडमी मीट का शुभारंभ उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर डा ओंकार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. ओंकार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन छात्र हित में बहुत जरूरी है। वक्ता डा. राहुल सिंह हेड इनक्यूबेशन गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज उत्तर प्रदेश ने छात्रों से नवाचार का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज का समय टेक्नालाजी का समय है। टेक्नोलाजी का प्रयोग कर आम जनमानस के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है। कहा कि सभी छात्र साधारण पृष्ठभूमि से आए हुए हैं, जिनका आज वह उदाहरण दे रहे हैं। वक्ता सागर रादी व डा. सुभाजीत भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया।